# विदिशा में लगेंगे 1 लाख 26 हजार स्मार्ट मीटर

**भोपाल/ विदिशा, 27 अक्टूबर. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर अभियान के तहत विदिशा जिले में 1 लाख 26 हजार 327 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जाएंगे, जिसमें से अब तक 26 हजार 817 से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं.**




स्मार्ट मीटर सभी के लिए फायदेमंद और उपभोक्ताओं के हित में हैं, इसलिए सभी को स्मार्ट मीटर लगाने में कंपनी का सहयोग करना चाहिए. यह बात मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के निदेशक (पीडीटीसी) अनिल कुमार खत्री ने स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभ तथा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ता हित में चलाई जा रही शासन की योजनाओं जैसे ग्रामीण क्षेत्र में 5 रुपये में नवीन कनेक्शन, सोलर रूफटॉप आदि को आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को विदिशा में कलेक्ट्रेट कार्यालय सभागार में आयोजित मीडिया कार्यशाला में कही. इस अवसर पर महाप्रबंधक (स्मार्ट मीटरिंग सेल) सी.के.पवार, महाप्रबंधक विदिशा वृत्त सत्येन्द्र मौर्य, उपमहाप्रबंधक (ग्रामीण) अरविंद कुमार वर्मा, उपमहाप्रबंधक (बासौदा डिवीजन) राजू भाभोर, प्रभारी सहायक जिला जनसंपर्क अधिकारी बीडी अहिरवाल एवं वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी सहित सैंकड़ों मीडियाकर्मी उपस्थित थे.

कार्यशाला को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक (स्मार्ट मीटरिंग सेल) सीके पवार ने बताया कि विदिशा वृत्त में 19 हजार 938 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को सितंबर 2025 माह में 11 लाख, 57 हजार 131 रूपये की छूट प्रदान की गई है. स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को नए टैरिफ आर्डर के अनुसार अब खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक उपयोग की गई बिजली पर 20 प्रतिशत की छूट मिल रही है, जिसके तहत इनमें से स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है.

> यह उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विशिष्ट नियमों और शर्तों के आधार पर दिन के विभिन्न समय के दौरान खपत की अवधि के अनुसार ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी. कार्यशाला के दौरान उन्होंने अधिक से अधिक स्मार्ट मीटर लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने का आव्हान किया तथा कार्यशाला में मीडिया के प्रश्नों के जबाव देते हुए मीडिया से प्राप्त फीडबैक के अनुसार कार्यवाही करते हुए उनके द्वारा दिये गये सुझावों को वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए अमल में लाने का आश्वासन दिया.




## पेंशनधारियों ने किया प्रदर्शन

**भोपाल.** सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को प्रतिमाह 1500 रूपये देने की मांग को सोमवार को प्रदर्शन किया गया. रोशनपुरा चौराहे पर पेंशनधारियों के साथ कांग्रेस नेत्री विभा पटेल भी प्रदर्शन में शामिल हुई.

# जनता के सहयोग से राजनीति को नई दिशा देगी कांग्रेस

## मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. विक्रांत चौधरी ने कहा

**घरों से 100-100 रुपये का सहयोग जुटाएगी**

**60 दिनों का विशेष कार्यक्रम होगा शुरू**

विशेष संवाददाता

**भोपाल. मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. विक्रांत चौधरी ने घोषणा की है कि पार्टी हर विधानसभा क्षेत्र में 25,000 घरों से 100-100 रुपये का सहयोग जुटाएगी, ताकि जनता-आधारित राजनीति को बढ़ावा दिया जा सके.**



इसके लिए 60 दिनों का विशेष कार्यक्रम जल्द शुरू किया जाएगा, साथ ही वार्ड और पंचायत समितियों का गठन भी किया जाएगा. डॉ. चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी के 'स्वराज' और 'आत्मनिर्भर राजनीति' के सिद्धांतों से प्रेरित होकर यह अभियान चला रही है।

उनका मानना है कि सच्चा लोकतंत्र पूंजीपतियों के धन पर नहीं, बल्कि जनता की भागीदारी पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा, गांधीजी ने सिखाया था कि धन समाज की संपत्ति है — इसका उपयोग जनहित में होना चाहिए, न कि सत्ता प्राप्ति के लिए समझौते करने में.

> उन्होंने बताया कि यह अभियान केवल आर्थिक सहयोग का नहीं, बल्कि लोकतंत्र की पुन:स्थापना का एक नैतिक आंदोलन है। हम पूंजीपतियों और माफिया के चंदे को अस्वीकार करते हैं। हमारी राजनीति जनता के विश्वास और सहयोग पर चलेगी, उन्होंने कहा. डॉ. चौधरी ने आगे कहा कि कांग्रेस राजनीति को सेवा और धन को समाज का न्यास मानते हुए, गांधीवादी सिद्धांतों — सत्य, सेवा और स्वावलंबन — पर आधारित नई राजनीतिक संस्कृति स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

## एम्स में निकले टेक्निकल सपोर्ट भर्ती के आवेदन

**भोपाल.** एम्स में प्रोजेक्ट टेक्निकल सपोर्ट की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. यह आवेदन एक प्रोजेक्ट के लिए निकाले गए हैं, जो किशोरियों और महिलाओं में मोटापे और पीसीओएस प्रबंधन से संबंधित है. इस पद के लिए आवेदन 16 नवंबर तक किए जायेंगें. आवेदन के लिये अभ्यर्थी विज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए. साथ ही डिप्लोमा (एमएलटी/डीएमएलटी) और संबंधित बायोकैमिस्ट्री/बायोटेक्नोलॉजी/लाइफ साइंस/हेल्थ साइंस क्षेत्र में सरकारी संस्थान में 5 वर्ष का अनुभव आवश्यक है.

# सेवानिवृत्तों का पुनर्मिलन समारोह

## 1982-83 बेंच केअधिकारियों ने की सहभागिता

**भोपाल, 27 अक्टूबर. राजधानी स्थित होटल टीयूलिप इन बावड़िया कला में 25 से 27 अक्टूबर तक सूबेदार, उपनिरीक्षक बैच 1982-83 के सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उपपुलिस अधीक्षक अधिकारियों का भव्य पुनर्मिलन, मित्र मिलन समारोह संपन्न हुआ.**

इस समारोह में पूर्व संयुक्त मध्यप्रदेश वर्तमान में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लगभग 50 से अधिक परिवारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की.

यह श्रृंखला वर्ष 2019 से निरंतर जारी है, जिसकी शुरुआत नरसिंहपुर के करेली से हुई थी. मित्र मिलन समारोह 2020 में सागर, 2021 में रायपुर, छत्तीसगढ़ 2022 में जबलपुर, 2023 में इंदौर और 2024 में निवाड़ी (ओरछा) में आयोजित किया जा चुका है. इस वर्ष 2025 में इस आयोजन की मेजबानी भोपाल में निवासरत अधिकारियों एवं उनके परिजनों द्वारा की गई. समारोह के समापन अवसर पर विभिन्न जिलों से आए अधिकारियों एवं परिजनों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया.

> कार्यक्रम के प्रथम सत्र में दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. इसके पश्चात द्वितीय सत्र में विभिन्न शहरों सेपधारे सभी परिवारों का स्वागत किया गया तथा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने गीत, संगीत एवं अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया. पुलिस परिवार की बेटियों द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय कथक नृत्य और बाल कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए.

### एक नजर में

#### सीएसआईआर नेट में करेक्शन विंडो 29 तक

भोपाल. एंटीए ने सीएसआईआर नेट में आवेदन को तारीख बढ़ा दी गई थी, जिसके बाद अब 29 अक्टूबर तक एप्लिकेशन विंडो में करेक्शन का अवसर दिया जा रहा है. इस दौरान छात्र अपनी आवेदन में भरी गई जानकारी को एडिट कर सकेंगे. वहीं दिसंबर सत्र की यूजीसी नेट परीक्षा 18 दिसंबर को आयोजित होगी. परीक्षा दो शिफ्टों में होगी और यह रसायन विज्ञान, पृथ्वी एवं ग्रह विज्ञान, जीव विज्ञान, गणितीय विज्ञान और भौतिक विज्ञान विषयों के लिए आयोजित की जाएगी. बता दें यह परीक्षा कॉलेज से पीएचडी करने के लिए आयोजित की जाती है.

#### डिजाइनर के पदों आवेदन की तिथि 30 नवंबर

**भोपाल.** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन ने डिजाइनर और फैकल्टी के कुल पांच पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की है. इच्छुक उम्मीदवार 30 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं. यह भर्ती डायरेक्ट रिक्रूटमेंट के माध्यम से की जाएगी. आवेदन के साथ उम्मीदवारों को अपने शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, पहचान पत्र तथा लागू होने पर जाति प्रमाण पत्र की प्रतियां अनिवार्य रूप से संलग्न करनी होंगी. चयन प्रक्रिया में शामिल किए गए अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के समय सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ उनकी स्वप्रमाणित प्रतियां भी प्रस्तुत करनी होंगी.

#### पुलिस ने किया शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार

**भोपाल.** शाहजहाँनाबाद थाना पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है. आरोप ने थाना मिसरोद में वाहन चोरी की वारदात की थी. संदेही की तलाशी लेने पर उसके पास से लोहे की छुरी भी बरामद की गई. आरोपी से पुलिस की पूछताछ भी जारी है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को ईदगाह हिल्स में वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार को चेकिंग के दौरान रोका गया. आरोपी चिराग पाठक (20) निवासी करोंद से बाइक के दस्तावेज मांगने पर वह पुलिस को गुमराह करने लगा. वाहन संदिग्ध होने से उसमें लिखे चेंचिस नंबर के आधार पर वाहन को चेक करने पर वह मिसरोद इलाके का होना पाया गया.

# नर्सिंग कॉलेजों की संबद्धता प्रक्रिया पर अटका पेंच

**फीस निर्धारण पर हुई अहम बैठक**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 27 अक्टूबर. नर्सिंग कॉलेजों की संबद्धता शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए इस बार नई प्रणाली में उलझ गई है.**

इस वर्ष से नर्सिंग संस्थानों को मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी, जबलपुर के स्थान पर अब बरकतउल्ला विश्वविद्यालय सहित राज्य के अन्य परंपरागत विश्वविद्यालयों से संबद्धता दी जानी है, लेकिन प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद अब तक किसी भी कॉलेज को संबद्धता नहीं मिल सकी है. फीस तय होने के बाद विश्वविद्यालयों की ओर से संबद्धता के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी. दूसरी ओर, नर्सिंग कॉलेजों के संचालक प्रक्रिया में हो रही देरी को लेकर परेशान हैं, क्योंकि नवंबर से नए सत्र की कक्षाएं प्रारंभ होनी हैं, जबकि संबद्धता की स्थिति अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है. उच्च शिक्षा विभाग के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, संबद्धता से पहले कॉलेजों को विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा.

# नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता की होगी जांच

एजुकेशन रिपोर्टर

**भोपाल, 27 अक्टूबर. मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता प्रक्रिया में बड़े स्तर पर गड़बड़ियों का मामला सामने आया है. अब इस पूरे प्रकरण की जांच की जिम्मेदारी भोपाल क्राइम ब्रांच को सौंपी.**

राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय ने यह कार्रवाई एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार की लिखित शिकायत के आधार पर की है. एनएसयूआई की शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जिन कॉलेजों ने मान्यता के लिए आवेदन किए थे, उनमें से कई ने फर्जी दस्तावेज़ों और अधूरी जानकारियों के आधार पर मंजूरी प्राप्त कर ली. शिकायत के साथ रवि परमार ने संबंधित दस्तावेजों और मोबाइल नंबरों के प्रमाण भी प्रस्तुत किए थे, जिसके बाद सायबर पुलिस ने इसे संगठित साइबर अपराध की श्रेणी में लेकर गंभीरता से जांच शुरू की. राज्य साइबर पुलिस ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि मामले में नर्सिंग कॉलेज संचालकों, नर्सेस काउंसिल के कुछ अधिकारियों और एमपी ऑनलाइन कंपनी के जिम्मेदार पदाधिकारियों की मिलीभगत से बड़ा फर्जीवाड़ा किया गया है. अब क्राइम ब्रांच, भोपाल के पुलिस उपायुक्त को इस प्रकरण की विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए हैं.

### गलत तरीके से मान्यता दी गई है: रवि

रवि परमार ने कहा कि यह सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि एक संगठित साइबर अपराध है. उन्होंने बताया कि निजी सेवा प्रदाता कंपनी और काउंसिल अधिकारियों की मिलीभगत से जिन कॉलेजों को गलत तरीके से मान्यता दी गई है, उसका नुकसान आने वाले समय में नर्सिंग छात्रों को भुगतना पड़ेगा. यह मामला न केवल शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाता है बल्कि राज्य के प्रशासनिक तंत्र की विश्वसनीयता पर भी गंभीर असर डालता है.

# एमपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी

**30 अक्टूबर से होगी परीक्षा**

**7500 पदों के लिए**

**उमड़ी युवाओं में उत्साह**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 27 अक्टूबर. मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड (एमपीईएसबी) ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2025 के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं, जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था.**

वे अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं. इस भर्ती के माध्यम से प्रदेशभर में 7500 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी. एमपीईएसबी द्वारा आवेदन प्रक्रिया 15 सितंबर 2025 से 6 अक्टूबर 2025 (विस्तारित तिथि) तक संचालित की गई थी. परीक्षा का आयोजन 30 अक्टूबर 2025 को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा. एडमिट कार्ड 26 अक्टूबर से डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं. बोर्ड ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे परीक्षा से संबंधित सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचे.

# फॉर्मर रजिस्ट्री में सभी तहसीलदार लाएं प्रगति

## समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

**भोपाल, 27 अक्टूबर. कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर सिंह ने सभी तहसीलदारों को फॉर्मर रजिस्ट्री में प्रगति लाने के निर्देश दिए.**




सिंह ने कहा कि समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विषयों एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक और समय-सीमा में निराकरण किया जाए. उन्होंने निर्देश दिए कि इस माह विभाग अभियान चलाकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण करें. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों के अनुरूप विभागवार प्रगति प्रतिवेदन तैयार कर अपनी नियमित समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें. उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि आरसीएमएस पोर्टल पर नामांतरण, बंटवारा, धारणाधिकार एवं सीमांकन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें.

# घर-घर कचरा संग्रहण की क्रियान्वयन समीक्षा

## जनपद पंचायत फंदा में बैठक संपन्न

**भोपाल, 27 अक्टूबर. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल इला तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक आयोजित की गई.**



स्वच्छ भारत मिशन योजनांतर्गत जनपद पंचायत फंदा के बल्क वेस्ट जनरेटर ग्राम पंचायत बंगरसिया, परवलिया सड़क, कालापानी, ईटखेडी सडक, फंदाकलां, खजूरीसड़क, बगरौदा में घर-घर कचरा संग्रहण, दृश्य स्वच्छता, कचरा प्रबंधन एवं निष्पादन को प्रभावी क्रियान्वयन पीपीपी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड के माध्यम से कराए जाने की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत सार्थक संस्था के माध्यम से उक्त पंचायतों में घर-घर कचरा संग्रहण, कचरा का सेग्रीगेट एट द सोर्स लेवल कचरा प्रबंधन एवं निष्पादन, दृश्य स्वच्छता, कचरे वाहनों का संचालन एवं कर संग्रहण का कार्य किया जाना है.

> म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा-54 (3) एवं (7) एवं म.प्र. पंचायती नियम-1999 व केन्द्रीय ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम- 2016/20 के पालन सुनिश्चित कराना एवं उल्लंघन करने वाल संस्थाओं एवं आद्यौगिक क्षेत्रों के विरूद्ध उचित कार्यवाही के लिए क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल द्वारा सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया.

**कार्यक्रम** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आयोजन

# डीआरएम ने रेलकर्मियों को दिलाई सत्यनिष्ठा शपथ




**भोपाल, 27 अक्टूबर. पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई.**

डीआरएम त्यागी ने भ्रष्टाचार को देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में बड़ी बाधा बताते हुए, भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने तथा सदैव ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्धता, भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष में साथ देने, जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करने, रिश्वत ना लेने व ना देने, सभी कार्य ईमानदारी तथा पारदर्शी रीति से जनहित में करने का वचन दिलाया. सीनियर डीसीएम ने बताया कि इस शपथ समारोह का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों में ईमानदारी, नीतिपरक कार्यप्रणाली तथा भ्रष्टाचार के प्रति शून्य-सहनशीलता की भावना को सशक्त बनाना है, जिससे रेलवे सेवाओं में पारदर्शिता और जनता का विश्वास और भी मजबूत हो सके.

### भारतं गौरव पर्यटक ट्रेन 4 जनवरी को होगी रवाना




**भोपाल.** मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा भारतं गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है. 4 जनवरी 2026 को इंदौर शहर से पुरी, गंगासागर के साथ 02 ज्योतिर्लिंग यात्रा के लिए रवाना होगी. यह ट्रेन मध्यप्रदेश इंदौर, उज्जैन शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह एवं कटनी मुरवारा स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रैन पर सवार हो सकेंगे. 10 रातें 11 दिनों की इस यात्रा में पुरी, गंगासागर, गया, वाराणसी एवं अयोध्या के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा. इसके लिए यात्रियों को महज रु. 19,900/- प्रति व्यक्ति (एसएल इकॉनामी श्रेणी), रु. 32,450/- प्रति व्यक्ति एवं रु. 42,750/- प्रति व्यक्ति (2 एसी कम्फर्ट श्रेणी) का खर्च उठाना होगा.

# नकबजन आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस ने दो लाख का सामान किया बरामद**

**भोपाल, 27 अक्टूबर. शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने नकबजन आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से पुलिस ने दो लाख रूपए का सामान बरामद किया है. आरोपी सूने घरों मे घुसकर वारदात को अंजाम दिया था.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते 28 सितबंर को फरियादी करन सूर्यवंशी निवासी मदर इंडिया कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी. करन ने पुलिस को बताया कि उनके घर पर ताला लगा था. सुबह के समय जब वह अपने घर पहुंचे तो मैन गेट की कुन्डी टूटी हुई थी. अंदर जाकर देखा तो घर पर रखी अलमारी का लाक टूटा था और पूरा सामान बिखरा पड़ा था. चोरी का अंदेशा होने पर घर पर रखे जेवरात चेक करने पर सब नदारत मिले. फरियादी ने मामले की शिकायत तत्काल पुलिस में की थी. मामले की तहकीकात करते हुए पुलिस ने आरोपी आसिफ खान ऊर्फ काला की पहचान सुनिश्चित होने पर उसे गिरफ्तारी किया. आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बिलाल मस्जिद के पास रहता है. चोरी की घटना को स्वीकार करते हुए उसने पुलिस को पूरी जानकारी दी. आरोपी काला के पास से पुलिस ने चोरी की 2 अलग- अलग घटानाओं के सोनी-चांदी के गहने और नगदी समेत कुल कीमती दो लाख रूपये का बरामद किया.